निफ्टी नेक्स्ट-50 में आएगा बड़ा बदलाव

गैर-आईपीओ शेयरों को हटाने से निफ्टी नेक्स्ट-50 में 11 शेयरों को जोड़ने या बाहर निकालने की संभावना बढ़ सकती है

समी मोडक
मुंबई, 4 जून

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स से जुड़ी गणना प्रणाली पर अमल किया जाता है तो इससे बड़े बदलाव आ सकते हैं।

पिछले सप्ताह जारी किए गए चर्चा पत्र में एनएसई इंडेक्सेस ने यह प्रस्ताव रखा कि सिर्फ वायदा एवं विकल्प (एफऐंडओ) सेगमेंट में कारोबार करने वाले शेयरों को ही इस सूचकांक में शामिल किया जा सकता है। एनएसई इंडेक्सेस निफ्टी ब्रांड के तहत 350 से ज्यादा सूचकांकों के पोर्टफोलियो का प्रबंधन करती है।

मौजूदा समय में 11 गैर-एफऐंडओ शेयर निफ्टी नेक्स्ट 50 सूचकांक में शामिल हैं। यह सूचकांक निफ्टी-59 के बाद लार्ज एवं लिक्विड शेयरों से जुड़ा हुआ है।

निफ्टी-50 और निफ्टी नेक्स्ट 50, दोनों को मिलाकर निफ्टी 100 सूचकांक बना है। इसके अलावा, नेक्स्ट-50 में शामिल होने के लिए शेयर को निफ्टी-50 में शुमार होना अनिवार्य है।

नेक्स्ट-50 में मौजूदा समय में शामिल 11 गैर-एफऐंडओ शेयरों को दो चरणों में हटाए जाने का प्रस्ताव है।

पहले चरण में, गैर-एफऐंडओ शेयरों का भारांक 5 प्रतिशत पर सीमित होगा और यह 29 जून से प्रभावी माना जाएगा। मौजूदा समय में इन शेयरों का अधिकतम भारांक 10 प्रतिशत हो सकता है।

दूसरे चरण में, इन 11 शेयरों को हटाया जाएगा और एफऐंडओ वाले शेयरों को शामिल किया जाएगा। यह बदलाव 28 सितंबर से लागू होगा।

विश्लेषकों का मानना है कि एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट), वरुण बेवरिजेज (वीबीएल), बजाज होल्डिंग्स ऐंड इन्वेस्टमेंट, अदाणी ग्रीन एनर्जी, और जोमैटो पहले चरण के दौरान बदलावों की वजह से पैसिव ट्रैकरों से बड़ी निकासी देखी जा सकती है।

इस बीच, उनका भारांक सूचकांक के अन्य शेयरों में फिर से समायोजित किया जाएगा। कोलगेट-पामोलिव, श्री सीमेंट, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज, एसआरएफ, और हैवेल्स इंडिया में पहले चरण के दौरान बड़ा पूंजी प्रवाह देखा जा सकता है।

आईआईएफएल इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज में वैकल्पिक शोध मामलों के उपाध्यक्ष श्रीराम वेलायुधन को पहले चरण में डीमार्ट से 127 करोड़ रुपये और वीबीएल से 99 करोड़ रुपये की निकासी होने का अनुमान है।

दूसरा चरण सितंबर के अंत तक क्रियान्वित होगा और तब इस सूचकांक में करीब 5,000 करोड़ रुपये का पूंजी प्रवाह प्रभवित होगा।

नेक्स्ट-50 में शामिल होने के लिए शेयर को निफ्टी-50 में शुमार होना अनिवार्य है

नेक्स्ट-50 में शामिल होने वाले 11 नए शेयर हैं - टीवीएस मोटर कंपनी, जिंदल स्टील ऐंड पावर, पंजाब नैशनल बैंक, ट्रेंट, जाइडस लाइफसाइंसेज, श्रीराम फाइनैंस, इंडियन होटल्स कंपनी, पॉलिकैब इंडिया, एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक (एसएफबी), कमिंस इंडिया, और एबट इंडिया।

पेरिस्कोप एनालिटिक्स के न्यूजीलैंड स्थित विश्लेषक ब्रायन फ्रीटास के अनुसार, उन्हें श्रीराम फाइनैंस और एयू एसएफबी में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के पूंजी प्रवाह का अनुमान है।

इस बीच, अदाणी समूह के चार शेयरों को नेक्स्ट-50 सूचकांक से बाहर किए जाने का अनुमान है। अपनी गैर-एफऐंडओ मौजूदगी की वजह से बाहर होने वाले अन्य शेयरों में एलआईसी, प्रॉक्टर ऐंड गैम्बल हाइजीन ऐंड हेल्थकेयर, और एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स (नायिका) शामिल हैं।

दूसरे चरण में ज्यादातर निकासी डीमार्ट, वीबीएल, और बजाज होल्डिंग्स ऐंड इन्वेस्टमेंट के लिए होने का अनुमान है। इन शेयरों में 85 करोड़ रुपये से लेकर 137 करोड़ रुपये के बीच निकासी हो सकती है।

इसके अलावा, सूचकांक प्रदाता विभिन्न सूचकांकों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने की संभावना तलाश रही है। हालांकि नियमों में प्रस्तावित बदलाव को विश्लेषकों द्वारा अनुकूल माना जा रहा है।

नुवामा अल्टरनेटिव ऐंड क्वांटीटेटिव रिसर्च के प्रमुख अभिलाष पगारिया का कहना है कि प्रस्तावित बदलावों से बड़ी निकासी को बढ़ावा मिलेगा और कुछ बड़े आकार की कंपनियां भी सूचकांक से बाहर हो जाएंगी, लेकिन साथ ही इससे ट्रैकिंग संबंधित त्रुटियां घटाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, 'पिछले तीन साल में, निफ्टी 50 पैसिव ट्रैकिंग करीब 3 गुना बढ़कर 28 अरब डॉलर पर पहुंच गई, जबकि समान समय में निफ्टी नेक्स्ट 50 के लिए यह आंकड़ा महज 1.5 अबर डॉलर पर रुका हुआ है। पिछले समय में, कुछ गैर-एफऐंडओ शेयरों ने एक दायरे में कारोबार किया।'

फ्रीटास का कहना है, 'महत्वपूर्ण बात यह है कि ईटीएफ और इंडेक्स फंडों की परिसंपत्तियां निफ्टी नेक्स्ट-50 सूचकांक से जुड़ी हुई हैं और इनमें तेजी से इजाफा हुआ है, तथा इस वजह से सिर्फ ऐसे शेयरों को शामिल करना सही है जो सूचकांक में बाजार के एफऐंडओ सेगमेंट का हिस्सा हों। इससे सूचकांक का प्रतिरूप आसान होगा, क्योंकि उतार-चढ़ाव से जुड़े शेयरों को लेकर चिंताएं हाल में घटी हैं।'

भविष्य में, जिन शेयरों को नेक्स्ट-50 सूचकांक में शामिल किए जाने पर चर्चा होगी, उनमें बदलाव देखने को मिलेगा।

इसके अलावा, सूचकांक में हरेक शेयर का भारांक 23 प्रतिशत पर सीमित होगा, और शीर्ष-3 सूचकांक घटकों का भारांक 62 प्रतिशत पर सीमित होगा।

प्रस्तावित बदलावों पर गणना संबंधित बाजार परामर्श 10 जून को पूरा होगा।

आगे क्या होगा

निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स में बदलाव के प्रस्तावित तरीके से निवेश पर काफी ज्यादा असर पड़ने की संभावना है

कंपनियों के जुड़ने की संभावना	संभावित निवेश	कंपनियों के बाहर निकाले जाने की संभावना	संभावित निकासी
श्रीराम फाइनैंस	450	एवेन्यू सुपरमार्ट्स	-144
एयू स्मॉल फाइनैंस	437	वरुण बेवरिजेज	-114
ट्रेंट	391	बजाज होल्डिंग्स	-90
इंडियन होटल्स	386	अदाणी ग्रीन	-80
टीवीएस मोटर	349	जोमैटो	-78
कमिंस इंडिया	273	अदाणी ट्रांसमिशन	-64
जिंदल स्टील ऐंड पावर	225	अदाणी टोटाल	-58
पॉलिकैब इंडिया	177	नायिका	-50
पीएनबी	174	पीऐंडजी हाइजीन	-37
जायडस लाइफ	149	एलआईसी	-33
ऐबट इंडिया	134	अदाणी विल्मर	-20

स्रोत : स्मार्टकर्मा। सभी आंकड़े : करोड़ रुपये

नोट : दो चरणों में होंगे बदलाव। उपरोक्त गणना दूसरे चरण के लिए है।

बाजार हलचल

आइकियो को ग्रे मार्केट में बढ़त

नोएडा मुख्यालय वाली आइकियो लाइटिंग (आइकियो) का शेयर 607 करोड़ रुपये के आईपीओ से पहले 25 प्रतिशत के जीएमपी (ग्रे मार्केट प्रीमियम) पर है। कंपनी का आईपीओ मंगलवार को खुल रहा है। आइकियो का आईपीओ पिछले महीने मैनकाइंड फार्मा की सफल सूचीबद्धता के बाद पहला प्रमुख निर्गम है। फार्मास्युटिकल दिग्गज का शेयर अपने आईपीओ को सुस्त प्रतिक्रिया के बाद भी पहले दिन 30 प्रतिशत चढ़ गया था। निर्गम का कीमत दायरा 270 रुपये से 285 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 2,203 करोड़ रुपये है। दिसंबर 2022 में समाप्त 9 महीनों में, आइकियो ने 241 करोड़ के राजस्व पर 35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

लॉक-इन : सुर्खियों में रहेंगे शेयर

दिवगी टॉर्कट्रांसफर सिस्टम्स (दिवगी), टेगा इंडस्ट्रीज (टेगा), और यूनिपार्ट्स इंडिया (यूनिपार्ट्स) इस सप्ताह सर्खियों में रहेंगे, क्योंकि इन शेयरों की लॉक-इन अवधि इस सप्ताह समाप्त हो रही है। दिवगी के मामले में, यह शेयर एंकर निवेशकों के लिए तीन महीने की लॉक-इन अवधि में है। वहीं टेगा और यूनिपार्ट्स के मामले में, 18 महीने और 6 महीने की लॉक-इन अवधि समाप्त हो रही है। पिछले समय में भी यह देखा गया कि लॉक-इन अवधि समाप्त होने के बाद संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवाली की वजह से कंपनियों के शेयरों पर दबाव पड़ा। दिवगी अपने निर्गम भाव से 44 प्रतिशत चढ़ा है, टेगा इंडस्ट्रीज में 92 प्रतिशत की तेजी आई है और यूनिपार्ट्स इंडिया में 2 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई।

असूचीबद्ध बाजार में सीएसके को दम

चेन्नई सुपर किंग्स असूचीबद्ध बाजार में भी चैंपियन है। आईपीएल में सीएसके की आश्चर्यजनक जीत से इसका शेयर 10 फीसदी से ज्यादा चढ़ा। असूचीबद्ध एम्पलॉयी स्टॉक ऑप्शंस या प्री-इनिशियल सार्वजनिक पेशकश के तहत शेयरों की खरीद-बिक्री की सुविधा मुहैया कराने वाले स्टार्टअप अनलिस्टेड जोन के मुताबिक, सीएसके का शेयर अभी 175 रुपये पर ट्रेड कर रहा है, जिससे आईपीएल फ्रैंचाइजी की कीमत करीब 6,000 करोड़ रुपये बैठती है। खबर है कि कई वैश्विक पीई दिग्गज आईपीएल टीम की हिस्सेदारी लेना चाहते हैं, जिससे असूचीबद्ध बाजार में सीएसके को लेकर सेंटिमेंट सुधरा।

सुंदर सेतुरामन द्वारा संकलित

सवाल जवाब

बाजार में छोटे निवेशक बरत रहे हैं सतर्कता

अपने लार्ज-कैप प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले अन्य प्रमुख सूचकांक तुलनात्मक तौर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। शेयरखान बाई बीएनपी पारिबा में पूंजी बाजार रणनीति एवं निवेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव दुआ ने पुनीत वाधवा के साथ बातचीत में कहा कि आप अब अच्छी गुणवत्ता वाले मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में निवेश पर ध्यान दे सकते हैं और इनमें अगले दो साल के दौरान प्रतिफल अच्छा मिल सकता है। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंशः



पिछले कुछ महीनों के दौरान बाजार का प्रदर्शन कैसा रहा?

जुलाई 2021 से, एनएसई का निफ्टी मुद्रास्फीति में तेजी और उसकी वजह से भारत तथा दुनियाभर में दर वृद्धि के बाद भी 16,000 और 18,000 के बीच सीमित रहा। बाद में, निफ्टी को कई वैश्विक इक्विटी बाजारों में तेजी की मदद से 18,000 से ऊपर पहुंचने में मदद मिली। विदेशी प्रवाह भी सकारात्मक हो गया है। पिछले 12 महीने के आधार पर, भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) प्रवाह दिसंबर 2021 के बाद से पहली बार सकारात्मक रहा है। तिमाही परिणाम सीजन ने न तो निराश किया है और न ही वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में निफ्टी के लिए आय अनुमानों में ज्यादा 'डाउनग्रेड' देखने को मिला है। अमेरिका में ऋण सीमा से संबधित अनिश्चितता, कमजोर मॉनसून और उपभोक्ता खर्च में सुस्ती से जुड़ी चिंताओं के बीच हम भारतीय इक्विटी बाजार पर आशान्वित बने हुए हैं।

वित्त वर्ष 2023 की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों के बारे में आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

चौथी तिमाही में देसी उद्योग जगत का वित्तीय परिणाम मिश्रित रहा है और बैंकिंग तथा वाहन क्षेत्रों ने आय में मजबूत वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, धातु, आईटी सेवाओं और अन्य वैश्विक जिंस कंपनियों से निफ्टी आय पर दबाव पड़ा। समेकित आधार पर, निफ्टी कंपनियों ने आय में 11-11.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो काफी हद तक अनुमान के अनुरूप है। वहीं कई मिडकैप कंपनियों के नतीजे अनुमान से बेहतर रहे हैं। मॉनसून की चाल और आरबीआई के मौद्रिक रुख ऐसे प्रमुख कारक होंगे जो आय अनुमानों को प्रभावित कर सकते हैं।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने वित्त वर्ष 2024 में अपने बड़े प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बारे में आपका क्या नजरिया है?

भारी तेजी के बाद निफ्टी 18,000 से ऊपर बना हुआ है और प्रमुख बाजार में गतिविधि भी पिछले कुछ महीनों में बढ़ी है। इससे हमें किसी तरह का आश्चर्य नहीं हुआ है। पिछले अनुभवों से पता चलता है कि बाजार में एकतरफा तेजी औसत तौर पर 17-18 महीने तक बनी रहती है और उसके बाद 18-24 महीने का गिरावट का दौर देखने को मिला है। प्रमुख बाजार 18 महीने की गिरावट पहले ही दर्ज कर चुके हैं। मौजूदा हालात में बाजार में निचले स्तर और नई तेजी की शुरुआत को लेकर अनुमान लगाना कठिन होगा। हालांकि आप अब अच्छी गुणवत्ता वाली मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों में निवेश कर सकते हैं और इनमें अगले दो साल के दौरान अच्छा प्रतिफल मिल सकता है।

एफआईआई प्रवाह में बाद में बदलाव देखने को मिला है। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली की है। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

डीआईआई निचले स्तरों पर खरीदार रहे हैं और ऐसा लग रहा है कि कुछ मुनाफावसूली कर उन्होंने अपना नकदी स्तर बढ़ाने पर जोर दिया है। इसके अलावा, पिछले सर्वाधिक ऊंचे स्तरों के नजदीक बाजार पहुंचने पर भी कुछ बिकवाली हो सकती है।

वैकल्पिक तौर पर, विदेशी प्रवाह वैश्विक जोखिम-मुक्त कारोबार पर केंद्रित हो रहा है। अमेरिका और यूरोप में केंद्रीय बैंकों ने बैंकों की मदद करने के लिए तरलता के हालात को आसान बनाया है और बैंकिंग संकट के प्रसार को रोकने पर जोर दिया है।

घरेलू बाजार में छोटे निवेशकों का रुझान कैसा है?

छोटे निवेशक सतर्क बने हुए हैं, और इसका असर पिछले साल के दौरान उद्योग स्तर पर सक्रिय ग्राहक आधार में घटते रुझान के तौर पर दिखा है। बढ़ते प्रतिफल और रियल एस्टेट में निवेश के साथ निर्धारित आय योजनाओं से नए ग्राहक दूरी बना सकते हैं। हालांकि बाजार में बढ़ती गतिविधि की वजह से खुदरा भागीदारी में बाद में सुधार आया है। इसके अलावा, कई छोटे निवेशक इक्विटी बाजारों में निवेश की समझ से अवगत हो रहे हैं। एसआईपी योजनाओं में छोटे निवेशकों का प्रवाह मजबूत बना हुआ है।

इस कैलेंडर वर्ष में कौन से क्षेत्र/शेयर आपके पसंदीदा रहे हैं?

हम वाहन, इंजीनियरिंग और भवन निर्माण क्षेत्र पर सकारात्मक हैं और मान रहे हैं कि यह समय अमेरिका और भारत में ब्याज दर चक्र पूरा होने के अनुमानों के आधार पर आईटी सेवा तथा वित्तीय शेयरों में निवेश करने के लिहाज से उपयुक्त हैं। खपत क्षेत्र में, हमने चयन पर जोर दिया है। मूल्यांकन कंज्यूमर स्टैपल्स में अब सस्ते नहीं हैं, और अल्पावधि में उपभोक्ता खर्च में नरमी आने से कम जरूरी खर्च प्रभावित हो सकते हैं।

ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना - पुंज लॉयड लिमिटेड (परिसमापन में)
दिवालिया एवं ऋण शोधन क्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत
एक जारी प्रतिष्ठान के आधार पर कंपनी की बिक्री

माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मूल पीठ, नई दिल्ली के 27 मई, 2022 के आदेश के अनुपालन के तहत सार्वजनिक ई-नीलामी प्रक्रिया, जारी परिमापन के जरिए एक जारी प्रतिष्ठान के आधार पर पुंज लॉयड (**"कंपनी"**) की बिक्री की घोषणा। कंपनी का गठन वर्ष 1988 में हुआ है, जो एक बेहतरीन-विविध व्यवसायिक समूह है, अभियांत्रिकी, खरीददारी तथा निर्माण (**"ईपीसी"**) के व्यवसाय में शामिल है, जिसकी भौगोलिक उपस्थिति सम्पूर्ण भारत तथा मध्य पूर्वी देशों में है, प्रतिरक्षा क्षेत्र में निर्माण दक्षता के साथ ऊर्जा, सड़क तथा अवसंरचना क्षेत्र में सेवा प्रदान करती है।

इच्छुक आवेदक कंपनी की वेबसाइट **http://www.punjlloydgroup.com/liquidation-docouments** तथा ई-नीलामी वेबसाइट **https://ncltauction.auctiontiger.net** पर अपलोड किए गए विस्तृत सम्पत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन देख सकते हैं।

नीलामी बिक्री ई-नीलामी प्लेटफॉर्मः **https://ncltauction.auctiontiger.net** के जरिए संपादित की जाएगी।

सम्पत्ति	बिक्री का प्रारूप	ई-नीलामी की तारीख एवं समय	आरक्षित मूल्य (रु.)	ईएमडी रकम एवं जमा की अंतिम तिथि
सम्पूर्ण कंपनी	एक जारी प्रतिष्ठान के आधार पर कंपनी की बिक्री	10 जुलाई 2023 को पूर्वा. 11 बजे से शाम 6 बजे तक	1,061.00 करोड़	10 करोड़, 07 जुलाई 2023 अथवा पहले

इसके आगे, आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016, यथा संशोधन, के प्रावधानों के अनुसार सम्पत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन में किए गए प्रावधान के अनुसार सभी इच्छुक बोलीदाताओं को वांछित पात्रता दस्तावेज के साथ इच्छा की अभिव्यक्ति 20 जून, 2023 को अथवा उससे पहले जमा करना होगा।

परिसमापक के पास प्रयोज्य विधि एवं विनियमों के अंतर्गत अनुमत सीमा तक जारी प्रतिष्ठान बिक्री प्रक्रिया के लिए समय-सीमा सहित बिक्री की प्रक्रिया के मुख्य नियमों में बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी तरह के संशोधन/किसी भी समय-सीमा में बदलाव के बारे में कोई भी जानकारी निगमित कर्जदार की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी तथा योग्यताप्राप्त/सफल बोलीदाता को सूचित किया जाएगा।

यहां उल्लेखित कोई भी विषय-वस्तु एक जारी प्रतिष्ठान के आधार पर सम्पूर्ण कंपनी की बिक्रि के लिए एक बाध्याकरी प्रस्ताव अथवा प्रतिबद्धता का गठन नहीं करेगा।

वांछित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया श्री अश्विनी मेहरा से **LQ.PUNJ@in.gt.com** अथवा **Mehra.ashwini@gmail.com** पर अथवा श्री सुरेन्द्र राज गंग से **Surendra.raj@in.gt.com** पर मुक्त रूप से सम्पर्क करें।

अश्विनी मेहरा
परिसमापक
(पंजीयन सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00388/2017-18/10706)
पुंज लॉयड लिमिटेड-परिसमान में
सुपुर्दगी के लिए प्राधिकृति 23 मार्च 2024 तक वैध
संचार का पताः
श्री अश्विनी मेहरा, परिसमापक
पुंज लॉयड लिमिटेड
द्वारा श्री सुरेन्द्र राज गंग
जीटी रिस्ट्रक्चरिंग सर्विसेस एलएलपी
एल-41, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001, ई-**LQ.Punj@in.gt.com**

तारीखः 05 जून, 2023
स्थानः नई दिल्ली

बुसान ऑटो फाइनेंस इण्डिया प्रा0 लि0
(CIN: U67190DL2007FTC162475)
रजि0 ऑफिसः चतुर्थ तल, विडियोकॉन टॉवर, ई-1, झण्डेवालान एक्सटेन्शन, नई दिल्ली-110 055
फोनः 91-11-43611111 , वेबसाईट : www.bafindia.com

संयुक्त सार्वजनिक सूचना

यह सार्वजनिक सूचना **रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आरबीआई)** के **जुलाई 09, 2015** के **परिपत्र संख्या DNBR. (PD) CC. No. 065/03.10.001/2015-16** एवं **अधिसूचना संख्या DNBR.(PD) 029/CGM (CDS-2015)** के पैरा 5 (**"आरबीआई नियम"**) के अंतर्गत **बुसान ऑटो फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("कंपनी")**, **मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, जापान** और **यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड, जापान (संयुक्त रूप से "अंतरणकर्ता")** एवं **फेक्सप्राइम टेक्नोसोल प्राइवेट लिमिटेड ("अंतरिती")** के द्वारा, अंतरणकर्ताओं की कंपनी में संपूर्ण शेयरधारिता/नियंत्रण को अंतरिती को हस्तांतरण (**"प्रस्तावित लेनदेन"**) करने हेतु संयुक्त रूप से जारी की गयी है ।

भूमिका

कंपनी आरबीआई में अप्रैल 09, 2008 के **पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या N-14.03146** से पंजीकृत एक गैर जमा और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (**"एनबीएफसी"**) है जिसका पंजीकृत कार्यालय **चौथी मंज़िल, ई-1,वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन. नई दिल्ली -110055** में स्थित है । कंपनी अपने और शेयरधारको ("अंतरणकर्ता") की ओर से संपूर्ण स्वामित्व / नियंत्रण को बेचने / हस्तांतरण करने के उद्देश्य की सूचना दे रही है ।

अंतरिती कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत एक कंपनी है जिसकी कॉर्पोरेट पहचान संख्या **U67190DL2022PTC407908** है और जिसका पंजीकृत कार्यालय **सी 2-बी, अनूप नगर, पहली मंजिल, जीवन पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059** में स्थित है । अंतरिती, कंपनी के सभी शेयरों को खरीद के, जो वर्तमान में मौजूदा शेयरधारकों के पास हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है, उपर्युक्त कंपनी के अधिग्रहण के उद्देश्य की सूचना दे रहा है।

शेयरों का विवरण	इक्विटी शेयरों की संख्या		
	मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, जापान	यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड, जापान	कुल
क्लास ए (₹10/-प्रत्येक)	2,53,25,827	28,13,981	2,81,39,808
क्लास बी (₹15/-प्रत्येक)	1,21,93,916	65,65,956	1,87,59,872
कुल	3,75,19,743	93,79,937	4,68,99,680

प्रस्तावित लेन-देन और प्रस्तावित लेन-देन का कारण

कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित हुयी थी और इसका कॉर्पोरेट पहचान संख्या **U67190DL2007FTC162475** है और यह आरबीआई में **अप्रैल 09, 2008** के पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या **N-14.03146** से पंजीकृत एक एनबीएफसी है । कंपनी के सभी मौजूदा शेयरधारक संपूर्ण शेयरधारिता को अंतरिती के पक्ष में विभाजित करना चाहते हैं और उपर्युक्त अंतरिती उसे खरीदना चाहता है। मौजूदा शेयरधारकों से शेयरों की ऐसी खरीद के अनुसार, अंतरिती कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी का 100% हिस्सेदार होगा।

प्रस्तावित लेन-देन की समाप्ति पर अंतरिती, लागू कानून के अनुसार, कंपनी का संपूर्ण नियंत्रण हासिल कर लेगा।

अंतरणकर्ता भारतीय व्यवसाय से बहार निकलने के लिए अपनी हिस्सेदारी एवं नियंत्रण अंतरिती को बेच / हस्तांतरित कर रहे हैं।

अंतरिती द्वारा उक्त कंपनी को अधिग्रहित करने का उद्देश्य ऋण वित्तपोषण के नए क्षेत्रों में विस्तार (आरबीआई की अनुमति के अधीन) सहित एक नए पैठ दृष्टिकोण के साथ लागत के अनुकूल / ओवरहेड में कमी को सुनिश्चित कर एनबीएफसी की गतिविधियों को अंजाम देना है। शेयरों/नियंत्रण के हस्तांतरण से मौजूदा कर्मचारियों के प्रतिधारण और रोजगार की निरंतरता को सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

आरबीआई अनुमोदन

कंपनी ने निम्नलिखित के लिए प्रस्तावित लेन-देन के संबंध में आरबीआई के लागू निर्देशों के तहत आरबीआई से पूर्व अनुमोदन मांगा था: (i) मौजूदा शेयरधारकों से कंपनी की 100% (सौ प्रतिशत) इक्विटी का अंतरिती द्वारा प्रस्तावित अधिग्रहण, और (ii) निदेशकों की नियुक्ति के माध्यम से कंपनी के प्रबंधन में परिणामी परिवर्तन, जिसमें अंतरिती द्वारा नामित **श्री दीपक कुमार** जिनका निदेशक पहचान संख्या **(डीआईएन) 09814535** है और **श्री जयपाल सिंह खुराना** जिनका निदेशक पहचान संख्या **(डीआईएन) 09814536** है, कंपनी के निदेशक मंडल में निदेशक बनेंगे ।

आरबीआई ने अपने पत्र सं0 **पर्य.वि. (एनबीएफसीबीएल) नदि सं. S251/05.02.285/2023-24 दिनांक 02.06.2023** के द्वारा उक्त अनुमोदन पत्र में निर्धारित विभिन्न शर्तों की पूर्ति और आरबीआई के लागू निर्देशों के अनुसार इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों की समाप्ति के अधीन आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया है । यह सूचना उपरोक्त के संबंध में जारी की गयी है और इसका उद्देश्य जनता को प्रस्तावित लेन-देन के परिणामस्वरूप इसकी शेयरधारिता में प्रस्तावित परिवर्तन, कंपनी के नियंत्रण में परिवर्तन और इसके प्रबंधन में परिणामी परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना प्रदान करना है।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण अथवा आपत्तियां सूचना की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर श्री विभु गौतम (मैनेजर - लीगल) को संबोधित कर भेजी जा सकती है अथवा **vibhu.gautam@bafindia.com** पर ईमेल की जा सकती है ।

निम्नलिखित की ओर से :

बुसान ऑटो फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड	यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड	फेक्सप्राइम टेक्नोसोल प्राइवेट लिमिटेड
हस्त0	हस्त0	हस्त0	हस्त0
शिगेनाओ सासाकी	शिगेकी मोरिमोटो	सुतोमू हमाडा	दीपक कुमार
प्रबंध निदेशक	अधिकृत प्रतिनिधि	अधिकृत प्रतिनिधि	निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः जून 05, 2023

एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 25, डीडीए मार्केट, सविता विहार, दिल्ली–110092 कॉर्पोरेट कार्यालयः 102, प्रथम तल, झिलमिल मेट्रो कॉम्पलैक्स, दिल्ली–110095 सीआईएनः L60200DL2010PLC198327, ई–मेलः praveen@avglogistics.com वेबसाइटः www.avglogistics.com

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	एकल					समेकित				
		तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त		तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त	
		31.03.2023 लेखापरीक्षित	31.12.2022 अलेखापरीक्षित	31.03.2022 लेखापरीक्षित	31.03.2023 लेखापरीक्षित	31.03.2022 लेखापरीक्षित	31.03.2023 लेखापरीक्षित	31.12.2022 अलेखापरीक्षित	31.03.2022 लेखापरीक्षित	31.03.2023 लेखापरीक्षित	31.03.2022 लेखापरीक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	13,202.98	10,646.12	12,882.88	42,710.82	43,164.50	13,202.98	10,646.12	12,882.88	42,710.82	43,164.50
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों और एसोशिऐट्स के लाभ/(हानि) शेयर से पूर्व)	2,962.29	219.74	2,422.56	1,117.99	85.80	2,962.29	219.74	2,422.56	1,117.99	85.80
3	कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों और एसोशिऐट्स के लाभ/(हानि) शेयर के बाद)	2,962.29	219.74	2,422.56	1,117.99	85.80	2,962.29	219.74	2,422.56	1,117.99	85.80
4	कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों और एसोशिऐट्स के लाभ/(हानि) शेयर के बाद)	2,606.20	193.66	2,428.90	786.67	92.33	2,796.36	135.06	2,488.56	834.36	96.10
5	अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शामिल]	2607.28	194.74	2428.32	785.66	90.04	2,797.43	136.13	2,487.99	833.35	93.81
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53	1,177.53
7	आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	-	-	-	7,737.00	6,951.34	-	-	-	7,799.14	6,965.79
8	प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/– प्रत्येक) (बंद और चालू प्रचालनों के लिए) (तिमाही के लिए वार्षिकीकृत नहीं)										
	बेसिक (रु. में):	22.13	1.64	20.63	6.68	.78	23.75	1.15	21.13	7.09	0.82
	डायल्यूटेड (रु. में):	22.13	1.64	20.63	6.68	.78	23.75	1.15	21.13	7.09	0.82

नोट :

1. उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षण समिति द्वारा सीमित समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 03 जून, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किए गए हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों पर अपरिवर्तित मत व्यक्त किया है।
2. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए गये तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.bseindia.com/www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.avglogistics.com) पर उपलब्ध है।
3. समेकित वित्तीय परिणामों में (i) एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (''होल्डिंग कंपनी'') के परिणाम (ii) एसोशिएट्स– **एनडीआ